भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 332
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 05 फरवरी, 2024
16 माघ, 1945 (शक)

रिटर्न ऑफ़ ट्रेजर्स

332. श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़:
श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ'

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) खजुराहो सम्मेलन के मौके पर 'री (एड) ड्रेस:रिटर्न ऑफ़ ट्रेजर्स' शीर्षक वाली प्रदर्शनी का ब्यौरा क्या है;
(ख) भारत में वर्ष 2023 में वापस आने वाली कलाकृतियों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(ग) 2014 के बाद से भारत में वापस आई कलाकृतियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और 2004-14 की अवधि के दौरान भारत में वापस आई कलाकृतियों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): ''री (एड) ड्रेस: रिटर्न ऑफ ट्रेजर्स'' शीर्षक नामक प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 22 से 28 फरवरी, 2023 तक जी 20 की सांस्कृतिक कार्यदल की बैठक की पृष्ठभूमि में कन्वेशन सेंटर, खजुराहो, मध्य प्रदेश में किया गया था।

इस प्रर्दशनी में विभिन्न देशों से वापस लाई गई विविध सांस्कृतिक धरोहर के महत्व को दर्शाने वाली प्रतिनिधि मूर्तियां, पेंटिगं और स्क्रोल प्रदर्शित किए गए थे।

(ख): वर्ष 2023 में 115 पुरावशेष भारत वापस लाए गए हैं।

(ग): वर्ष 2014 से 344 पुरावशेष भारत वापस लाए गए हैं। 2004-13 के दौरान केवल एक पुरावशेष भारत वापस लाया गया था।

*****